प्रकाशनार्थ

पटना, 7 **फरवरी।** भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के तीन-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक, पर्यावरणीय और आर्थिक परिदृश्य से परिचित होने के उद्देश्य से आज आद्री का दौरा किया। नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के राजनीतिक और द्विपक्षीय मामलों की प्रमुख सुश्री नतालिया लेह, जो मुख्य रूप से भारत की राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को देखती हैं, आद्री द्वारा किए जा रहे रिसर्च में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में जानना चाहती थीं। उन्हें जवाब देते हुए आद्री की सदस्य-सचिव डा. अस्मिता गुप्ता ने कहा कि उनका संस्थान अपनी स्थापना काल से ही जमीनी स्तर की सक्रियता को शीर्ष स्तर के शिक्षाविदों के साथ जोडता़ रहा है। इससे स्थानीय राजनीतिक दलों के बीच आद्री के प्रति काफी विश्वास पैदा हुआ है। हाल ही में आद्री ने पर्यावरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कदम रखा है। आद्री में हेल्थ रिसर्च की फैकल्टी मेम्बर डा. संचिता महापात्रा ने बताया कि आद्री राज्य सरकार को एक डेटाबेस बनाने में मदद कर रहा है, जिसे डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों के संचरण की श्रृंखला को तोड़ने का काम सौंपा गया है। बिहार में महामारी की सूचना देने की डिजिटल प्रणाली की उपलब्धि सौ फीसदी तक पहुंच चुकी है। आद्री के ही डा. सुनील गुप्ता ने कहा कि उनकी टीम इस बात पर शोध कर रही है कि वायु प्रदूषण से कमजोर वर्ग समूह कैसे प्रभावित हो रहा है। आद्री अच्छी वायु-गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार को सुझाव और रिपोर्ट प्रदान करता है।

आद्री के निदेशक प्रोफेसर अजीत सिन्हा ने कहा कि गरीब लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के मामले में स्थानीय स्तर के राजनेताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आद्री की डा. सुनीता लाल ने कहा कि बिहार में महिलाएं उसे ही वोट देना चाहती हैं जो उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाएगा।

सुश्री नतालिया लेह ने वादा किया कि वह बिहार राज्य को मानव विकास में प्रगति करने के लिए अपने सहयोगियों को पर्यावरण, शिक्षा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आद्री के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ने के लिए राजी करेंगी। नई दिल्ली में ब्रिटिष आयोग की वरिष्ठ राजनीतिक अर्थव्यवस्था सलाहकार सुश्री भावना विज और ब्रिटिश उप-उच्चायोग, कोलकाता के राजनीतिक विश्लेषक श्री अरुणाभ भट्टाचार्य ने भी इस चर्चा में भाग लिया।

(अंजनी कुमार वर्मा)

ASIAN DEVELOPMENT RESEARCH INSTITUTE
BSIDC Colony, Off Boring-Patliputra Road, Patna - 800 013, Tel. : 0612-2575649, Fax : 0612-2577102
E-mail : adripatna@adriindia.org / adri_patna@hotmail.com, Website : www.adriindia.org